

गंगरार. मेवाड़ विवि में शहीद दिवस पर नाटक की प्रस्तुति देते छात्र।

**गंगरार.** मेवाड़ विश्विद्यालय में शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की 88 वीं पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई गई। विवि के चेयरपर्सन अशोक कुमार गदिया ने दीप प्रज्वलित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कविता, एकल नृत्य, समूह गान एवं नाटक की प्रस्तुति दी। छात्रों ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के अंतिम समय को नाट्य रूपांतरण कर प्रस्तुत किया। संयोजन मेवाड़ विश्विद्यालय के शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष अरुणा दुबे ने किया गया।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय ने मनाया शहीद दिवस

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। मेवाड़ विश्वविद्यालय में वीर क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की 88वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में शनिवार को शहीद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन अशोक कुमार गदिया ने दीप प्रज्वलित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज एक राष्ट्र के रूप में हम बड़ी ही विकट परिस्थितियों से जूझ रहे हैं। जहां एक और सीमा पार से आतंकी गतिविधियाँ हुई है वही दूसरी और हमारे देश के भीतर असामाजिक एवं देशद्रोही तत्व है, जो अफवाहों एवं दुष्प्रचार के माध्यम से भ्रांतियां पैदा कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में हमे स्वयं की जिम्मेदारियों को समझते हुए एक समझदार नागरिक बनना है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कविता, एकल नृत्य, समूह गान एवं नाटक के द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के अंतिम समय को नाट्य रूपांतरण कर पेश किया गया जिसने सभी की आंखों को नम कर दिया । कार्यक्रम का संयोजन मेवाड़ विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष अरुणा दुबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।